# INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

| Class: VII- 2nd Lang | Department: Hindi | Date of submission: |
|---|---|---|
| **Lesson No-8** रक्त और हमारा शरीर | **Topic:** प्रश्नोतर, व्याकरण | **Note:** अभ्यास पुस्तिका पर लिखना |

अति लघु प्रश्न ----

प्रश्न-1 एनीमिया क्या होता है?

उत्तर - रक्त में लाल कणों की कमी को एनीमिया कहते हैं।

प्रश्न-2 डॉक्टर दीदी ने अनिल को दिव्या के बारे में क्या बताया?

उत्तर - डॉक्टर दीदी ने अनिल को बताया कि दिव्या को एनीमिया है।

प्रश्न-3 साँस लेने पर शुद्ध वायु से जो ऑक्सीजन प्राप्त होती है, उसे शरीर के हर हिस्से में कौन पहुँचाता है?

उत्तर- साँस लेने पर शुद्ध वायु से ऑक्सीजन प्राप्त होती है, उसे शरीर के हर हिस्से में लाल रक्त कण पहुँचाता है।

प्रश्न-4 रक्त में हीमोग्लोबिन के लिए किस खनिज की आवश्यकता पड़ती है?

उत्तर- रक्त में हीमोग्लोबिन के लिए लौह तत्व की आवश्यकता पड़ती है|

प्रश्न-5 रक्त कणों का निर्माण कहाँ होता है?

उत्तर- रक्त कणों का निर्माण अस्थि मज्जा में होता है।

प्रश्न-6 मोटे तौर पर रक्त के कितने भाग होते हैं?

उत्तर – मोटे तौर पर रक्त के दो भाग होते हैं।

प्रश्न-7 अनिल और दिव्या कौन थे और वे कहाँ गए थे?

उत्तर - अनिल और दिव्या भाई बहन थे और वे अस्पताल गए थे।

प्रश्न-8 टाँके कब लगाए जाते हैं? क्यों?

उत्तर- जब चोट का घाव गहरा होता है तब टाँके लगाए जाते हैं, इससे खून का बहना रुक जाता है।

प्रश्न-9 सूक्ष्मदर्शी यंत्र क्या होता है?

उत्तर- सूक्ष्मदर्शी एक प्रकार का यंत्र है, जिससे छोटी से छोटी चीजें भी बड़े आकार में दिखाई देती हैं।

प्रश्न-10 रक्त के तरल भाग को क्या कहते हैं?

उत्तर - रक्त के तरल भाग को प्लाज्मा कहते हैं।

लघु प्रश्न ----

प्रश्न-1. एनीमिया से बचने के लिए हमें क्या-क्या खाना चाहिए?

उत्तर- एनीमिया से बचने के लिए हमें पौष्टिक और संतुलित आहार लेना चाहिए| हमें प्रोटीन ,लौह तत्त्व और विटामिन युक्त भोजन जैसे हरी सब्जी,फल,दूध,अंडा और गोश्त इत्यादि उपयुक्त मात्रा में लेने चाहिए|

प्रश्न-2. दिव्या अपने भाई अनिल के साथ अस्पताल क्यों गई थी?

उत्तर- दिव्या अपने भाई अनिल के साथ अस्पताल इसलिए गई थी क्योंकि कुछ दिनों से उसे हर समय थकान महसूस होती थी, उसका मन किसी काम में नहीं लगता था,और उसे भूख भी पहले से कम हो गई थी|

प्रश्न-3. रक्त में सफ़ेद कणों का क्या महत्व होता है?

उत्तर- सफ़ेद कण वास्तव में हमारे शरीर के वीर सिपाही हैं। जब रोगाणु शरीर पर धावा बोलने की कोशिश करते हैं तो सफ़ेद कण उनसे डटकर मुकाबला करते हैं और रोगाणुओं को शरीर के भीतर घर नहीं करने देते हैं।

प्रश्न-4. रक्त के बहाव को रोकने के लिए क्या करना चाहिए?

उत्तर- रक्त के बहाव को रोकने के लिए उस स्थान पर कसकर एक साफ़ कपड़ा बाँध देना चाहिए। इससे दबाव पड़ने पर रक्त का बहना कम हो जाता है। फिर घायल व्यक्ति को जल्द ही डॉक्टर के पास ले जाना चाहिए।

दीर्घ प्रश्न ----

प्रश्न-1. खून को 'भानुमती का पिटारा' क्यों कहा जाता है?

उत्तर-'भानुमती का पिटारा' यह एक ऐसी लोकोक्ति है जिसका अर्थ है एक पिटारे में भाँति-भाँति की वस्तुओं का होना। ख़ून को भानुमती का पिटारा कहा गया है क्योंकि यदि सूक्ष्मदर्शी से ख़ून की एक बूँद को जाँचा जाए तो उसमें लाखों की संख्या में लाल रक्त-कण मौजूद होते हैं जिनकी हम कल्पना भी नहीं कर सकते। इसके अलावा सफ़ेद कण व प्लेटलैटस भी उसमें पाए जाते हैं।

प्रश्न-2. ब्लड-बैंक में रक्त दान से क्या लाभ है?

उत्तर- ब्लड-बैंक में दान दिए गए रक्त को सुरक्षित रूप में रखा जाता है। किसी भी व्यक्ति को रक्त की आवश्यकता पड़े तो उसके लिए किसी भी रक्त समूह के वहाँ से रक्त लिया जा सकता है। इस प्रकार आपात कालीन स्थिति में ज़रूरत मंद व्यक्ति की जान बचाने में ब्लड-बैंक में किया हुआ रक्त दान काम आता है।

व्याकरण भाग-

प्रश्न-1. निम्नलिखित मुहावरों को वाक्यों में प्रयोग कीजिए|

1. अंग-अंग ढीला होना (बहुत थक जाना)- पूरे दिन काम करते-करते अजय का अंग-अंग ढीला हो गया|
2. हाथ मलना (पछताना)- सोहन कल गलती करके हाथ मलता रह गया|
3. अपने पैर पर कुल्हाड़ी मारना (संकट मोल लेना)- रोहन से झगड़ा करके राम ने अपने पैर पर कुल्हाड़ी मार ली|
4. गुदड़ी के लाल (गरीब के घर में गुणवान का जन्म)- लाल बहादुर शास्त्री गुदड़ी के लाल थे|
5. भानुमती का पिटारा (तरह-तरह की वस्तुएँ होना)- मेरी दादी जी की अलमारी भानुमती के पिटारे जैसी है|
6. दस्तक देना (खटखटाना) मैं हमेशा अपने पिता जी के कमरे में दस्तक दे कर जाता हूँ|
7. धावा बोलना (हमला करना)- जंगल में छिपे चोरों ने अचानक पुलिस दल पर हमला कर दिया|

8. पीठ थपथपाना (शाबाशी देना) परीक्षा में सफलता मिलने पर अध्यापिका जी ने मेरी पीठ थपथपाई|

प्रश्न 2- दिए गए शब्दों के पर्यायवाची लिखिए|

1. अग्नि- आग, अनल, पावक
2. जंगल- वन, कानन, विपिन
3. इच्छा- अभिलाषा, चाह, कामना
4. रात्रि – रात, रजनी, निशा
5. क्रोध- रोष, गुस्सा, आक्रोश
6. डर- खौफ, भय, दहशत

वर्ण विच्छेद-

नोट- किसी भी भाषा में प्रयुक्त होने वाली मूल ध्वनि को वर्ण कहते हैं। जैसे – अ ,क्, ख् आदि| इन वर्णों को अलग-अलग करने की प्रक्रिया को वर्ण विच्छेद कहते हैं|

प्रश्न-3 दिए गए शब्दों के वर्ण विच्छेद कीजिए|

1-कथन = क् + अ + थ् + अ + न् + अ

2- नाना = न् + आ + न् + आ

3- दीवार = द् + ई + व् + आ + र् + अ

4- कहानी = क् + अ + ह् + आ + न् + ई

5- अनुमान = अ + न् + उ + म् + आ + न् + अ

6- दूर = द् + ऊ + र् + अ

7- अमृत = अ + म् + ऋ + त् + अ

8- बेकार = ब् + ए + क् + आ + र् + अ

9- तैयार = त् + ऐ + य् + आ + र् + अ

10- कोयला = क् + ओ + य् + अ +ल् + आ

11- सौभाग्य = स् + औ + भ् + आ + ग् + य् + अ

12- क्षमा = क् + ष् + अ + म् + आ

13- चित्र = च् + इ + त् + र् + अ

14- यज्ञ = य् + अ + ज् + ञ् + अ

15- श्रोता = श् + र् + ओ + त् + आ

16- भंडार = भ् + अं + ड् + आ + र् + अ

17- निबंध = न् + इ + ब् + अं + ध् + अ

18- टाँग = ट् + आँ + ग् + अ

19- चाँद = च् + आँ + द् + अ

20- हृदय- ह् + ऋ + द् + अ + य् + अ

घर में रहें, सुरक्षित रहें और स्वस्थ रहें